ULB

BHARATPUR NAGAR NIGAM

Bharatpur - 321001

Minimum Government, Maximum Governance

E-News Letter
March, 2017

Local Self Government

घर-घर कचरा संग्रहण कार्यशाला

दिनांक 11.04.2017 को नगर निगम, भरतपुर द्वारा नगर सुधार न्यास, भरतपुर के ऑडिटोरियम में ''स्वच्छ भारत मिशन'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजस्थान के स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसडर माननीय के.के. गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में पधारे व कार्यशाला में उपस्थित लोगों में अपने द्वारा डूंगरपुर शहर को खुले में शौचमुक्त व सुन्दर बनाने हेतु किये गये प्रयासों का अनुभव साझा किया और शहर को खुले में शौचमुक्त करने हेतु वीडियो क्लीप व पिक्चर द्वारा जरूरी नुक्से के बारे में बताया। इस कार्यशाला में शहर के जिलाधिकारी श्रीमान् एन.के. गुप्ता साहब ने शहर को साफ–सुथरा रखने के लिये अपना सुझाव व निर्देश दिये। नगर निगम भरतपुर के महापौर माननीय शिव सिंह भौंट जी ने नगर निगम द्वारा स्वच्छता के लिये किये गये प्रयासों के बारे में बताया। उपमहापौर माननीय इन्द्रपाल सिंह पाले ने सफाई व स्वच्छता से होने वाले लाभ के बारे में बताया। कार्यशाला में नगर निगम भरतपुर के आयुक्त श्रीमान् शिवचरन मीणा ने नगर निगम द्वारा शहर को शीघ्र ही खुले में शौचमुक्त करने हेतु निर्धारित लक्ष्य के बारे में बताया व घर–घर कचरा संग्रहण की जरूरतों तथा निगम द्वारा इस पर किये जा रहे कार्य के बारे में बताया। कार्यशाला में भरतपुर एडीएम सिटी श्रीमान् दिनेश कुमार जांगिड ने सफाई को लेकर अपने विचार व्यक्त किये।

इस कार्यशाला में भरतपुर जिले की सभी नगर पालिकाओं के सभापति व अधिशाषी अधिकारी उपस्थित होकर अपना–अपना अब तक का अनुभव साझा किया। कार्यशाला में नगर गिनम भरतपुर के समस्त अधिकारी व कर्मचारिगण उपस्थित रहें।

अन्नपूर्णा योजना

राजस्थान सरकार द्वारा संचालित की जा रही अन्नपूर्णा योजना का शुभारंभ माननीय विधायक महोदय श्री विजय बंसल एवं माननीय महापौर महोदय श्री शिवसिंह भौंट द्वारा हीरादास रैन बसेरे पर दिनांक 25.02.2017 को किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 6200 आवेदन ऑनलाईन अपलोड किये गये है, तथा 6200 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 6024 एप्रूब्ड किये जा चुके हैं। 6024 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराने हेतु डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

उक्त योजना अन्तर्गत सम्बन्धित फर्म से दिनांक 24.08.2016 को एग्रीमेन्ट कर सम्बन्धित फर्म ROLLZ MATERIAL HANDLING SYSTEM PRIVATE LTD., NEW DELHI को कार्यादेश दिनांक 10.10.2016 को जारी कर दिया गया है। फर्म ने साइट पर सर्वे कार्य शुरू कर दिया है। E.C. प्राप्त करने हेतु फर्म ने प्रदूषण मंडल, जयपुर में आवेदन कर दिया है। E.C. प्राप्त होने पर कार्य शुरू कर दिया जावेगा।

अमृत योजना

अमृत योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार राशि स्वीकृत की है –

1. वाटर सप्लाई – राशि 50.00 करोड़
2. सीवरेज – राशि 79.66 करोड़
3. ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् – राशि 02.50 करोड़

कुल योग – राशि 132.16 करोड़

दिनांक 24.03.2017 को L & T कम्पनी को सीवरेज का कार्यादेश नगर निगम द्वारा जारी कर दिया है। L & T कम्पनी द्वारा सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है। ग्रीन स्पेस पार्कस् की डीपीआर राज्य स्तर पर S.L.T.C. (स्टेट लेबिल टैक्नीकल कमेटी) की बैठक दिनांक 15.09.2016 में 2.5 करोड़ रू. स्वीकृत हो चुके हैं। निविदा की कार्यवाही की जा रही है।

Cost of Capital (in Lacs	10 Year O&M Cost (in Lacs)	Provisional SUM (in Lacs)	Total
916537752	122378000	15900000	1054815752

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

एस.एम.आई.ड़ी घटक के तहत महिलाओं के 205 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 130 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। एक आर.ओ. को 30 समूहों की प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है।

ई.एस.टी.पी. घटक के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माह अक्टूबर, 2016 तक 885 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षिण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 37 आवेदकों का प्रशिक्षिण कार्य हो चुका है, तथा 80 आवेदकों को RSLDC द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है।

स्वरोजगार घटक के अंतर्गत माह अक्टूबर, 2016 तक 711 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 112 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हो चुका है, एवं 50 आवेदनकर्त्ताओं को 29.85 लाख का ऋण वितरित हो चुका है।

आश्रय स्थल घटक के तहत नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 पूर्व निर्मित आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनाने हेतु निविदा सूचना जारी कर संवेदक को कार्यादेश जारी कर दिया गया है, तथा आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। आश्रय स्थलों का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

स्ट्रीट वैण्डर घटक के तहत् सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। स्ट्रीट वैण्डर के लिए चिन्हित जगहों को वैण्डिंग कमेटी से एप्रूवल लेने की कार्यवाही की जा रही है।

Contacts Us:

BHARATPUR, MUNICIPAL CORPORATION,
NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.
e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com
Phone No.: 05644 - 222170